केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

दिनांक: 13.09.2017

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2017/276
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2017/00268
CICOM/R/2017/00778

अपीलकर्ता : श्री ज्ञान प्रकाश सिंह,
पुत्र – स्व0 श्री बैजनाथ सिंह,
ग्राम – धतुरी टोला, पो0 – सोनकीभाट,
थाना – दोकटी, जिला – बलिया ।

निर्णय की तारीख : 13.09.2017

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 16.06.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 31.08.2017 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री ए. के. शर्मा (श्री एस. पी. बेक 5 (4) के तहत) |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 06.09.2017 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | FAA/365/13.09.2017 (164072/12.09.2017) |

1. अपीलकर्ता ने अपने दिनांक 16.06.2017 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा आयोग को प्रेषित पत्रांक P1/A/2705160206 दिनांक 27 मई 2016 पर की गई कार्यवाही से संबंधित तीन बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकाररी द्वारा द्वारा प्रदान की गई सूचना (श्री एस. पी. बेक, संयुक्त सचिव से सूचना अधिकार अधिनियम की धारा 5 (4) के तहत प्राप्त) के बिंदु सं. 2 एवं 3 के विरुद्ध प्रथम अपील दाखिल किया है ।

2. श्री एस. पी. वेक, संयुक्त सचिव (प्र0) द्वारा सूचना अधिकार अधिनियम की धारा5 (4) के तहत प्रदान की गई सूचना के साथ संलग्न पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि *"माननीय सूचना आयुक्त के खिलाफ कार्यवाई केन्द्रीय सूचना आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर है"* जिसे ध्यान में रखते हुए बिंदु सं. 2 एवं 3 के संदर्भ में मांगी गई सूचना अप्रासंगिक है । अतः अपीलकर्ता को प्रदान की प्रदान की गई सूचना बिल्कुल सही है तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है ।

राकेश
(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

Sweety 13/9/17.

प्रतिलिपि :
1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

RECEIVED
13 SEP 2017
PM
D. No.........
Initials.........